विविधताओं से भरे सांस्कृतिक आयोजनों ने आईआईटी बीएचयू में बनाया मेला जैसा माहौल, मंचीय और नुक्कड़ नाटकों में झलकी मानवीय संवेदना

रैप सिंगर डिवाइन ने आईआईटियंस को खूब झूमाया

काशी यात्रा

वाराणसी | निज संवाददाता

आईआईटी बीएचयू में काशी यात्रा जैसे-जैसे अगले पड़ाव की ओर बढ़ रही है, प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का उत्साह भी उसी गति से उछालें ले रहा है। दूसरे दिन, शुक्रवार को राजपूताना खेल मैदान पर मुख्य द्वार बना था। सड़क के दोनों किनारे रंगीन कागजों, छाता व पतंगों से सजे थे। बीच-बीच में तालियों की गड़गड़ाहट, प्रतिभागियों के उत्साहवर्द्धन के लिए स्वतंत्रता भवन से लेकर एलटी हॉल तक गूंजते जोशीले स्वरों से आमतौर पर पठन-पाठन के लिए ख्यात परिसर में मेला जैसा माहौल बन गया था। शाम को गली ब्वाय गैंग के रैप गायक डिवाइन का जादू युवाओं के सिर चढ़कर बोला। आईआईटी के एडीवी ग्राउंड पर शाम से ही जुटे युवाओं ने डिवाइन का स्वागत किया।

अपनी आवाज व अदायगी से दीवाना बनाने वाले डिवाइन व टीम ने रैप सांग की प्रस्तुति से युवाओं को जोश से भर दिया। लेजर लाइट के बीच डीजे की धुनों पर डिवाइन ने अपने कई चर्चित गाने-काम पच्चीस हैं, पैंतरा, मेरी गली में पूरे शहर की आवाज, तेरा जो सबसे खास है वही सांप है आदि सुनाए। उन्होंने पैसे कमाने के कई तरीके सुना कर युवाओं का मनोरंजन किया। तालियों व सीटी की आवाज के साथ दर्शकों ने अपना उत्साह जाहिर किया।

असल जिंदगी पर बन रही फिल्म : रैप गायक डिवाइन की असल जिंदगी पर एक फिल्म बन रही है। इसमें अभिनेता रणवीर कपूर व आलिया भट्ट मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में डिवाइन के जीवन संघर्षों को फिल्माया गया है।

अभय मिस्टर और आयुषी बनीं मिस काशी यात्रा : आईआईटी बीएचयू के सांस्कृतिक महोत्सव काशी यात्रा के तीन चरणों की परीक्षा पास कर मिस्टर काशी यात्रा बने हैप्पी मॉडल इंस्टीट्यूट के अभय सिंह जबकि मिस काशी यात्रा का खिताब सनबीम कॉलेज फॉर वुमेन की आयुषी खरे को प्रदान किया गया।

आईआईटी बीएचयू के वार्षिकोत्सव काशी यात्रा में शुक्रवार को रैप गायक डिवाइन के गीतों पर झूमते छात्र-छात्राएं।

काशी यात्रा में शुक्रवार को गायन प्रस्तुत करते रैप गायक डिवाइन।

हिन्दी अंग्रेजी गानों से गूंजा स्वतंत्रता भवन

आईआईटी राजपूताना के मैदान में आयोजित नुक्कड़ नाटक में छात्र-छात्राएं।

स्वतंत्रता भवन में गायन प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

वाराणसी। स्वतंत्रता भवन में 18 टीम के 82 प्रतियोगियों ने हिंदी अंग्रेजी गाने सुनाए। टीम अर्चिता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि शंकरा और मेलोमाइंड दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। यहीं रॉक बैंड की धुन युवाओं को जोश से भर रही थी। एलटी सभागार में हिंदी व अंग्रेजी में वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई।

छात्रों ने संभाषण में शब्द संयोजन के साथ बदलते मानवीय मूल्यों को लेकर तर्क क्षमता भी दिखाई। आईआईटी जिमखाना मैदान में बने एडीवी पंडाल में फैशन शो का जलवा बिखरा जबकि बैंड कंपटीशन में प्रतिभागी छात्रों ने खुद की बनाई धुनों के अलावा कई सुपर हिट गानों की धुनें पेश कीं। नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभागी एक-दूसरे को टक्कर दे रहे थे। पंजाबी गानों पर दर्शक दीर्घा में बैठे छात्र झूम उठे।

उधर आईआईटी राजपूताना के मैदान में आयोजित नुक्कड़ नाटक में छात्राओं ने समसामयिक विषयों पर कटाक्ष किया। बेटियों ने सबरी माला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश पर लगे प्रतिबंध पर करारा प्रहार किया।

नारी की कथा व व्यथा से जुड़े नाटक में बेटियों बहू, कामकाजी, नौकरानी, छात्रा तथा अधिकारी बनी स्त्रियों की पीड़ा बयां की। नाटकों अंध विश्वास तथा काम की इज्जत जैसे विषय भी प्रतिध्वनित हुए।

साबुनों पर उकेरी कलाकृतियां

वाराणसी। तकनीकी दक्ष युवाओं ने साबुनों पर सुन्दर कलाकृतियां उकेर कर अपने हुनर का परिचय दिया। किसी ने गणेश तो किसी ने मां सरस्वती की आकृति बनाई। छात्राओं ने भ्रूण हत्या राकने का पैगाम दिया तो अन्य छात्र-छात्राओं ने पशु पक्षियों की मुखाकृति के साथ चर्चित चेहरों को अपनी कला का विषय बनाया।

युवाओं ने टी शर्ट पेंटिंग में सधे हुए कलाकारों की तरह एक से बढ़कर एक डिजाइन बनाए। उनकी पेंटिंग में नारी के साथ प्रकृति का सौन्दर्य भी दिखा। किसी ने काशी यात्रा का लोगो बनाया तो किसी ने कार्टून। जल-हरियाली संरक्षण तथा प्रदूषण मुक्त पर्यावरण भी पेंटिंग के विषय बने।

आईआईटी बीएचयू के वार्षिकोत्सव काशी यात्रा में शुक्रवार को फैशन प्रतियोगिता के फाइनल में रैंप वॉक करते छात्र-छात्राएं। इस दौरान छात्राओं ने विविध परिधानों को पहनकर रैंप वॉक किया।